Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 24-11-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

an>

Title: Need to provide special economic package to Rajasthan to solve the problem of drinking water in the state.

श्री गिरधारी लाल भार्गव :सभापति महोदया, मैं आपके सामने दो समस्याएं रखना चाहूंगा। एक तो राजस्थान के बाड़मेर की है और दूसरी जैसलमेर की है। इन दोनों स्थानों पर इतनी वार्ा हो जाने के बाद भी, इतना समय बीत जाने के बाद भी आज वहां पर पन्द्रह फुट पानी भरा हुआ है जिसके कारण लोगों का जीवन दुखमय हो गया है।...(व्यवधान)

सभापति महोदया:गिरधारी लाल जी, आपकी समस्या पीने के पानी की है।

श्री गिरधारी लाल भार्गव : सभापति महोदया, मैं ये दोनों बातें बता रहा हूं। एक जगह पानी बहुत ज्यादा भर गया है, राजस्थान के बाड़मेर और जैसलमेर में वहां पन्द्रह फुट पानी भरा हुआ है, लोग बहुत दुखी हो रहे है[r67]।बच्चे स्कूल के लिये नहीं निकल सकते हैं, रेल का आना-जाना बंद हो गया है। दूसरे, शेखावटी ढूढालू, मेवात के 13 जिलों में 14-16 प्रतिशत बरसात कम हुई है। जयपुर, बीकानेर, चुरु, जोधपुर, नागौर, टोंक,

भरतपुर, धौलपुर, करोली, सवाईमाधोपुर, दौसा, झुंझुनूं व सीकर जिलों में पानी नहीं बरसा। सारे जल स्रोत खाली हो गये हैं। ट्यूब वैल बेकार हो गये हैं, हैंडपम्प बेकार हो गये हैं सर्दी में भी लोग पानी के लिये त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। गर्मी में तो आदमी 16 गिलास पानी पी जाये। मेरा सरकार से अनुरोध है कि जहां पानी ज्यादा हो गया है, वहां से सुखाये जाने की व्यवस्था की जाये और जिन जिलों में पेय जल की समस्या है, वहां पेय पानी की पूर्ति की जाये। राजस्थान सरकार अपनी ओर से पूरे प्रयास कर रही है और गर्मियों में रेल द्वारा पानी लाने का विचर कर रही है।

सभापति महोदया : यह राज्य सरकार का काम है, एक जगह से दूसरी जगह पानी लाने का काम उसका है।

श्री गिरधारी लाल भार्गव **:**मेरी आपसे प्रार्थना है कि केन्द्र सरकार पानी सुखाने के लिये पैसा दे जहां 15 फीट पानी भरा हुआ है और जिन 14-15 जिलों के नाम मैंने दिये हैं, वहां बरसात नहीं हुई है, वहां पेय जल की समस्या पैदा हो गई है, गर्मियों में और समस्या पैदा न हो जाये, उसके लिये केन्द्र सरकार आर्थिक मदद दे।

सभापति महोदया, जयपुर में पहले से ही रामगढ़ बंधा लगभग 26 एनीकट पानी रोकने के लिये राज्य सरकार ने बनवाये थे लेकिन वह बंधा अब सूख गया है। इसलिये मेरी केन्द्र सरकार से विनती है कि मेरी इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिये राजस्थान को विशेा अर्थिक पैकेज दे ताकि राज्य सरकार अपना काम कर सके।